तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सेवा, श्रम और सामाजिक जागरूकता से एनएसएस शिविर का ...



11 रेंगाखार कला में धान खरीदी पंजीयन में गड़बड़ी ...



## खबर संक्षेप

### घर से नकदी सहित आभूषण की चोरी

**राजनांदगांव।** घर में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे नगदी रकम एवं आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तागिरी कालोनी के एक मकान में अज्ञात चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे नगदी रकम 50,000 रुपए तथा दो जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया, एक जोड़ी सोने का टॉप्स की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव।** देशभर में आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं अब लोकसभा स्तरीय आयोजन के तहत जिले के डोंगरगांव में अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर की 8 टीम शामिल होगी। इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सांसद संतोष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि आगामी 17 से 24 दिसंबर तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पंडरिया में कबड्डी, कवर्धा में खो-खो, खैरागढ़ में क्रिकेट, राजनांदगांव में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हो चुका है। वहीं मोहला-मानपुर में अन्य खेल और लोकसभा स्तर पर डोंगरगांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### खरीदी केंद्रों में मिला लाखों का अवैध धान, फिर भी जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं

**राजनांदगांव।** धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक माह में कोचियों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां खलबली मची है। वहीं करीब आठ करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त भी हुआ है। कोचियों द्वारा जिले के खरीदी केंद्रों में ही लाखों रूपए का अवैध धान डंप किए जाने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी चर्चा है कि सोसाइटियों के प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारियों की संलिप्तता भी इन मामलों में सामने आ चुकी है, परन्तु राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के चलते उन पर कार्रवाई करने से प्रशासन के हाथ कंपकंपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन के निर्देश बाद सीमावर्ती जिलों में धान कोचियों के खिलाफ प्रशासन ने एक्शन मोड में अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले में भी पौने दो सौ से अधिक प्रकरण में कार्रवाई की गई है।

# आज से शुक्र अस्त, खरमास के चलते डेढ़ माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्ष 2025 का अंतिम महीना दिसंबर अब वैवाहिक आयोजनों के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। शुभ मुहूर्तों के अनुसार दिसंबर में अब गिने-चुने दिन ही विवाह के लिए शेष बचे हैं।

रविवार को शुक्र के अस्त होने के साथ ही विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा, जो फरवरी माह तक जारी रहेगा। देवउठनी एकादशी के बाद शुरू हुए वैवाहिक मुहूर्तों के चलते नवंबर माह में शादियों की खूब धूम रही। लगातार मुहूर्त होने के कारण शहर से लेकर गांव तक बारातों की आवाजाही, बैंड-बाजे और मांगलिक कार्यक्रमों का माहौल बना रहा। वहीं दिसंबर माह में शुभ तिथियां सीमित रहने के कारण अब अंतिम मुहूर्त में बड़ी संख्या में शादियों के आयोजन की संभावना जताई जा रही है।

### 16 से खरमास प्रारंभ हो जाएगा

#### शुक्र अस्त और खरमास का प्रभाव

पंडितों के अनुसार रविवार को शुक्र ग्रह अस्त हो रहा है। शुक्र को विवाह का कारक ग्रह माना जाता है, इसलिए इसके अस्त होने पर विवाह और अन्य शुभ कार्य नहीं किए जाते। इसके साथ ही 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जो 13 जनवरी तक रहेगा। इस अवधि में भी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं।



#### 4 फरवरी से फिर बजेगी शहनाई

पंचांग के मुताबिक 1 फरवरी को शुक्र उदित होंगे, जिसके बाद 4 फरवरी से पुनः शुभ वैवाहिक मुहूर्त प्रारंभ होंगे। फरवरी माह में एक बार फिर शादियों की धूम रहने की संभावना है। इसे देखते हुए लोगों ने अभी से विवाह स्थलों की बुकिंग, कैटरिंग, सजावट, कार्ड छपाई सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिलहाल दिसंबर के अंतिम मुहूर्तों में शादियों की रौनक बनी हुई है, इसके बाद डेढ़ माह तक वैवाहिक आयोजनों में शांति रहेगी और फरवरी में एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी।

#### इन तिथियों में हुए अधिक आयोजन

पंचांग एवं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार दिसंबर माह में 1, 4, 5, 6 एवं 10 तारीख को विशेष शुभ वैवाहिक मुहूर्त रहे। इन तिथियों में बड़ी संख्या में विवाह संपन्न हुए, जिससे मैरिज हॉल, होटल, धर्मशालाएं, हलवाई, डेकोरेटर और बैंड पार्टियां पूरी तरह व्यस्त नजर आईं।

स्पर्धा

**विधायक ईश्वर साहू ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

# सांसद खेल महोत्सव में 800 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

दुर्ग लोकसभा अंतर्गत नगर पंचायत साजा में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू, जितेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत साजा हिमांशु वर्मा नगर पंचायत साजा अध्यक्ष, प्रेरणा सिंह उपाध्यक्ष नगर पंचायत साजा बुलाक साहू मंडल अध्यक्ष साजा लोकनाथ पटेल मंडल अध्यक्ष थान्खमहरिया कमल सिंह राजपूत पार्वती वर्मा पार्षद उपस्थित रहे। विधायक ईश्वर साहू ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सांसद खेल महोत्सव की संकल्पना देश भर में खेल, फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त जन आंदोलन बन गया है।

■ विजेता खिलाड़ियों को मिली सराहना


आज युवाओं को इस खेल महोत्सव के माध्यम से अपने प्रतिभावों को निखारने का अवसर मिल रहा है। खेल अब केवल प्रतियोगिता नहीं है बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। विधायक ईश्वर साहू ने हम होंगे कामयाब एक दिन गीत गाकर सभी प्रतिभागियों को उत्साहित किया। इस सांसद खेल महोत्सव में साजा विधानसभा क्षेत्र से लगभग 800 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। इस खेल महोत्सव में पारंपरिक खेल कबड्डी, खो - खो, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, खुर्सी दौड़, कुश्ती तथा आधुनिक खेल वालीबॉल, योग, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स खेल सम्मिलित थे जो तीन आयु वर्ग 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला, दिव्यांग वर्ग में आयोजित हुआ। समूह खेल में कड़ी स्पर्धा देखने को मिला जिसमें कबड्डी खेल में 9 से 15 वर्ष पुरुष वर्ग में बीजगोंड, महिला वर्ग में टेकापार, 15 से 30 वर्ष पुरुष वर्ग में टेमरी टीम विजेता बना। खो-खो खेल में 9 से 15 वर्ष पुरुष एवं महिला वर्ग में हरदुवा की टीम जीत हासिल किया। 15 से 30 वर्ष महिला वर्ग में केसतरा विजय प्राप्त किया योगासन में संध्या सिन्हा 400मीटर दौड़ में कस्तूरबा विद्यालय साजा की अंकिता ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया वालीबॉल खेल में धमधा और पेंड्रावन की टीम विजय प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। एसडीएम हर्ष लता वर्मा साजा नोडल अधिकारी सोमनाथ साहू सीईओ नीलेश चंद्रवंशी बीईओ सीएमओ साजा गिरिराज राजपूत जनपद पंचायत साजा खेल प्रभारी पवन साहू जवाहर कुर्रे नोकेश्वर वर्मा विष्णु धीवर पूजा पाण्डेय चोवाराम मधुकर विपुल महोबिया संजय कोषले वेदप्रकाश साहू गीतेश्वरी ताम्रकार रूपेश सप्रे गौरव कामडे गणेश सप्रे राजेंद्र साहू कमल उर्वशा बी उमाशंकर झुलूराम राम रजक अनीता मस्तके खेल लाल साहू कलावती साहू राजेंद्र जंघेल मनोज प्रभु साहू योगेश साहू प्रदीप ठाकुर संतोष ठाकुर मोंगरा साहू पूर्णिमा नेताम वरुण राजपूत रिषभ राजपूत बसंत कौशिक चुनेश्वरी कौशल नीलिमा कन्नौजे लेखा रजक दीपकला वर्मा धनेश रजक जय बहादुर विजय बहादुर नरेश साहू नेमेशवरी साहू पिंकी देवांगन नरेश बघेल व्यायाम शिक्षक शिक्षक सीएसी सचिव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





# सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर बेमेतरा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए अश्लील गाली-गलौज का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना चंदनू पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसने स्पष्ट कर दिया है कि सोशल मीडिया पर अश्लील, अपमानजनक और समाज में विद्वेष फैलाने वाली गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

■ बेमेतरा पुलिस की कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना चंदनू में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक सोशल मीडिया आईडी धारक द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए वीडियो वायरल किया गया है, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हुई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 (बी), 299 बीएनएस, आईटी एक्ट की धारा 67 तथा एससी व एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वीए) के तहत अपराध दर्ज किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सोशल मीडिया आईडी धारक दुर्गेश निषाद को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। आरोपी दुर्गेश निषाद पिता शंकर निषाद, उम्र 25 वर्ष, निवासी मुठपुरा, थाना चंदनू, जिला बेमेतरा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपी को शनिवार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे सहित थाना चंदनू के पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। बेमेतरा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें। अश्लील, अपमानजनक टिप्पणी, गाली-गलौज, धमकी या किसी की छवि धूमिल करने वाली पोस्ट कानूनन दंडनीय अपराध है।

# तुहर टोकन ऐप में समय की बाध्यता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य सरकार ने धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए अब तूहर टोकन ऐप को 24 घंटे, सातों दिन के लिए खोल दिया गया है। इस फैसले से टोकन काटने में समय की बाध्यता पूरी तरह समाप्त हो गई है और किसान दिन-रात कभी भी अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

■ धान खरीदी को आसान बनाने राज्य सरकार का बड़ा फैसला

नई व्यवस्था के अंतर्गत किसान 13 जनवरी तक आगामी 20 दिनों के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों को धान विक्रय की बेहतर योजना बनाने का अवसर मिलेगा, वहीं टोकन कटाने के दौरान होने वाली भीड़, तकनीकी दबाव और अव्यवस्था से भी राहत मिलेगी।



राज्य सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के हित में भी बड़ा कदम उठाया है। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन ले सकेंगे। यह सुविधा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विशेष रूप से छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई है, ताकि कोई भी पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रह जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि टोकन संबंधित सहकारी समितियों को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें। राज्य सरकार के इस निर्णय को किसानों ने राहत भरा बताते हुए स्वागत किया है। उनका कहना है कि दिनभर टोकन सुविधा से धान खरीदी प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक सुगम और किसान-अनुकूल हो गई है।

# देवकर नाली निर्माण मामले की जांच में देरी, शिकायतकर्ता नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर के गौरव पथ मार्ग में निर्मित आरसीसी नाली निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा जिला कार्यालय बेमेतरा में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद 1 अगस्त को तत्कालीन अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी द्वारा साजा एसडीएम से जांच टीम गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

■ भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज, जांच टीम गठित लेकिन प्रतिवेदन नहीं



साजा एसडीएम द्वारा देवकर तहसीलदार सीताराम कंवर के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई या जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं ने पुनः जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने 25 सितंबर को साजा एसडीएम हर्षलता वर्मा को शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में फोन पर ही पुनः जांच के आदेश दिए। इसके परिपालन में साजा एसडीएम द्वारा उसी दिन साजा तहसीलदार मानकर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर तीन दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### अबतक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया: एसडीएम

28 सितंबर को जांच टीम द्वारा देवकर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों में निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद जगी। हालांकि इसके बाद भी निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद अब तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में साजा एसडीएम हर्षलता वर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जांच टीम द्वारा आज दिनांक तक मुझे कोई जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। जांच में हो रही देरी से नाराज शिकायतकर्ता अब इस पूरे मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की तैयारी में हैं। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और आमजन में नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है।

**भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी रहे अतिविशिष्ट अतिथि**

# नगर पंचायत कुसमी में सतनाम संदेश रथ यात्रा का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसमी

नगर पंचायत कुसमी में आयोजित विकासखंड स्तरीय नवदिवसीय सतनाम संदेश रथ यात्रा का समापन एवं सम्मान समारोह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता श्री योगेश तिवारी अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन समारोह में सतनाम पंथ के आराध्य सद्गुरु बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों, सिद्धांतों और मानवतावादी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। नौ दिनों तक चली यह रथ यात्रा क्षेत्र के गांव-गांव में पहुंचकर मंखे-मंखे एक समान का अमर संदेश देती रही।



**बाबा घासीदास जी का संदेश आज भी प्रासंगिक - योगेश तिवारी:** अपने उद्बोधन में योगेश तिवारी ने कहा कि सतनाम संदेश रथ यात्रा समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने आयोजकों एवं सतनामी समाज के सभी लोगों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने 'मंखे-मंखे एक समान' का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को जोड़ने, समानता और मानव सेवा का मार्ग दिखाता है। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। श्री तिवारी ने बाबा के जीवन को सत्य, अहिंसा, सेवा और सामाजिक समानता का प्रतीक बताते हुए कहा कि सतनाम पंथ ने सदैव समाज को अंधविश्वास, भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध जागरूक किया है।

समारोह में सतनामी समाज के उन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने परिश्रम और बाबा जी के बताए मार्ग पर चलकर समाज व प्रदेश का नाम रोशन किया है। सम्मानित प्रतिभाओं में सुष्मिता टोंड्रे (ग्राम हेमाबंध) डिप्टी कलेक्टर, संदीप बघेल (ग्राम केशडबरी) डीएसपी, नेहा मारकण्डेय (ग्राम मोहभट्ठा) लेखा सेवा अधिकारी, उमा बारले स्टेनोग्राफी एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी), जिन्हें प्रधानमंत्री द्वारा देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। योगेश तिवारी ने सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी बाबा जी के मार्ग पर चलकर यह मुकाम हासिल कर समाज और देश के लिए प्रेरणा बने हैं।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा

अपने संबोधन में श्री तिवारी ने बताया कि वे बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए मानव सेवा कार्यों में निरंतर संलग्न हैं। उन्होंने रायपुर जिले के ग्राम गोमची में संचालित माँ गोदावरी आनंद वन आश्रम की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में वहाँ 82 बुजुर्गों की सेवा की जा रही है तथा भविष्य में 250 बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक आश्रय देने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। इस धरती पर हमारा जन्म सेवा के लिए ही हुआ है।


**लोककला और झांकी बनी आकर्षण का केंद्र:** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच, ग्राम हरिनछपरा (जिला कबीरधाम) द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जय सतनाम पंथी पार्टी एवं झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे नगर पंचायत कुसमी में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश ▶▶| शेष पेज 11 पर

### 9 डिग्री पर पहुंचा रात का तापमान, अब मिलेगी राहत!

**राजनांदगांव।** प्रदेशभर में पिछले एक सप्ताह से जारी ठंड के कहर से राहत मिलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में तापमान दो से तीन डिग्री तक चढ़ सकता है। ज्ञात हो कि जिले का न्यूनतम तापमान अभी 9 डिग्री पर पहुंच गया है। जिसके चलते अंचल में शीतलहर के भी हालात निर्मित है दरअसल पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ी है। 7 शहरों में तापमान दस डिग्री से नीचे पहुंच गया है। जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल है। हालांकि अब अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में शीत लहरकी स्थिति कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला पॉवरलिफ्टिंग संघ एवं क्रीड़ा भारती द्वारा छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर को बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। इसमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आयोजकों के अनुसार सब-जूनियर और जूनियर बालक वर्ग में 53 से लेकर 120 प्लस किलोग्राम तक, जबकि बालिका वर्ग में 43 से लेकर 84 प्लस किलोग्राम तक की वजन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। सीनियर और मास्टर्स वर्ग के लिए भी अलग-अलग वजन और आयु वर्ग तय किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। वहीं बेस्ट लिफ्टर को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 7 से 12 जनवरी 2026 के बीच हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में हिंदी कार्यशाला आयोजित



**भिलाई।** बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के सभागार में महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 11 दिसंबर को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी संतोष कुमार ओसवाल, महाप्रबंधक इलियास अहमद, महाप्रबंधक विश्वनाथ मुखर्जी, महाप्रबंधक अजय कुमार, महाप्रबंधक पंकज कुरील, सहायक महाप्रबंधक नामदेव दुफारे तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गुप्ता ने कहा कि यूनिवर्सल रेल मिल में समस्त एसओपी एवं एसएमपी हिंदी में बनाए गए हैं। बैठकों की कार्यवाही तथा समस्त वार्तालाप हिंदी में ही किए जाते हैं, साथ ही नोटशीट भी हिंदी में ही बनाए जा रहे हैं। हिंदी में संपूर्ण कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वे कामकाज में राजभाषा का शत-प्रतिशत प्रयोग करें। संतोष कुमार ओसवाल ने विभाग में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये किए जा रहे कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संतोष कुमार ओसवाल, अजय कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीता। पंकज कुरील, इलियास अहमद, ओमप्रकाश पटेल, चार्जमेन ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

## वार्ड 29 में असामाजिक तत्वों का डेरा और कचरा अव्यवस्था से बिगड़े हालात

# वृंदा नगर में जल संकट के हालात, नालियों के अतिक्रमण ने वार्ड में बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 29 में बुनियादी समस्याएं लगातार गहराती जा रही हैं। सबसे बड़ी परेशानी पानी और असामाजिक तत्वों की है। कई इलाकों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा है। वहीं असामाजिक तत्वों के कारण लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

वृंदानगर वार्ड की आबादी करीब 11 हजार लोगों की है। इस वार्ड में लोगों के घरों में नल लगे हुए है, लेकिन पानी काफी धीमी गति से आता है। कुछ जगहों पर लोगों ने पाइप लाइन ही काट दी है, जिससे आगे पानी नहीं पहुंच पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ता जा रहा है। शाम होते ही कुछ जगहों पर माहौल असुरक्षित हो जाता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को खास दिक्कत होती है। इसके साथ ही नालियों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन चुका है। कई जगहों पर नालियां ढकी हुई हैं या उन पर कब्जा कर लिया गया है। नतीजा यह है कि सफाई ठीक से नहीं हो पाती और गंदगी जमा रहती है। बरसात के दिनों में जलभराव और बदबू से हालात और खराब हो जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को शिकायत दी, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। लोगों ने असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई, पुलिस पेट्रोलिंग और नालियों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस वार्ड में चार सार्वनिक शौचालय है। इसकी नियमित सफाई हो हा रही है लेकिन सिर्फ बाहरी। शौचालयों के अंदर काफी गंदगी है। कुछ शौचालय में नल की टोटी नहीं होने के चलते दिन भर

### गंदी जगहों पर सूअरों का डेरा







### स्कूल और दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप, सूअरों का आतंक

वृंदानगर वार्ड में कचरा प्रबंधन की अव्यवस्था भी एक समस्या है। पहले वार्ड में 4 से 5 अलग-अलग स्थानों पर कचरा डंप किया जाता था, लेकिन अब यह सारा कचरा शासकीय माध्यम स्कूल और दशहरा मैदान के ठीक सामने डाला जा रहा है। इस जगह पर दिनभर सूअरों का झूंड जमा रहता है। सूअरों की संख्या इतनी अधिक है कि राहगीरों, स्कूल जाने वाले बच्चे और मैदान में खेलने आने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कई बार सूअर अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में कचरा डंप होने के कारण बदबू फैलती रहती है। गंदगी और दुर्गंध से आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे चिंता की बात यह है कि यह कचरा डंप स्कूल के सामने है, जहां रोज छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप होने से इस क्षेत्र की सुंदरता पर भी सीधा असर पड़ा है।

### दशहरा ग्राउंड बना असामाजिक तत्वों का डेरा



वृंदानगर वार्ड स्थित दशहरा मैदान इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। स्थानीय निवासी रोहित राय ने बताया कि मैदान में रौशनी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शाम ढलते ही यहां शराब और गांजा जैसे नशे का सेवन शुरू हो जाता है। मैदान के चारों ओर शराब की टूटी बोतलें और डिस्पोजल ग्लास बिखरे पड़े रहते हैं। इसके चलते सुबह और दिन के समय मैदान में आने वाले लोग घायल हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मैदान अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रोहित राय ने यह भी बताया कि मैदान में लगी ग्रील कई जगहों से टूट चुकी है, जिससे असामाजिक तत्वों को अंदर आने में आसानी हो जाती है। लंबे समय से मैदान की देखरेख नहीं होने के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि मैदान में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जाए, टूटी ग्रील की मरम्मत हो और नियमित सफाई के साथ पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही मैदान का उचित संधारण किया जाए, ताकि यह फिर से आम लोगों और बच्चों के उपयोग के लिए सुरक्षित बन सके।

### विस्थापित लोगों ने जमीन पर कर लिया पुनः अतिक्रमण



पूर्व पार्षद दिवाकर भारती ने बताया कि घासीदास नगर में बड़ा नाला निर्माण का प्रस्ताव कई बार पारित हुआ था। वहां के अवैध कब्जाधारियों के जमीन को अधिग्रहण करते हुए नगर निगम ने लोगों को वाम्बे आवास में शिफ्ट करवाया था, लेकिन नाला नहीं बनने के चलते वाम्बे आवास के लोग वापस पुरानी जगह आकर बस गए। यहां बड़ा नाला बनना अति आवश्यक है। बरसात के दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाली का पानी घरों में घुस जाता है। यहां अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई भी नहीं हो पाती। नगर निगम को इस पर कार्रवाई करते हुए नाला का निर्माण कराना चाहिए।

### अतिक्रमण पर निरीक्षण के बाद होगी कार्रवाई

दशहरा मैदान में रोशनी की कमी है। हाईमास्ट लगाने की आवश्यकता है। जहां तक नालियों पर अवैध कब्जे की बात है तो निरीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी। कुछ जगह पर सड़के जर्जर है और नालियां भी टूटी हुई है। सड़क डमरीकरण व नाली के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है। कचरा डंप करने के स्थान को परिवर्तन किया जाएगा, जिससे लोगों को असुविधा न हो।
संजय सिंह, पार्षद वार्ड 29 वृंदानगर, भिलाई

## पीएम आवास योजना की कमिश्नर ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

नगर निगम कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रगति का गहन मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए। कमिश्नर ने बीएलसी तथा एएचपी घटक के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को कहा कि इस माह के अंत तक कार्यप्रगति में सुधार लाएँ तथा योजना के अनुरूप कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय पर पूर्ण करें।

इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप करने के निर्देश दिए, ताकि आवास निर्माण एवं अनुमोदन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। सरस्वती नगर फ्लैट के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित अवधि में हर हाल में सरस्वती नगर साइट का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द फ्लैट में शिफ्ट कराया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल राजेश ठाकुर, इंजीनियर हरिशंकर साहू, समस्त सीएलटीसी एक्सपर्ट और एजेंसियों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## संगम मित्रों का में भिलाई-दुर्ग के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**भिलाई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल अमित जायसवाल के नेतृत्व में आगामी 20-21 दिसम्बर को रायपुर में संगम मित्रों का/" रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा (पूर्व प्रांतपाल), भारत के विभिन्न राज्यों के सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण, नए सदस्यों के साथ मप्र,छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के सभी पूर्व प्रांतपाल और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। यह वार्षिक आयोजन रोटरी सदस्यों के आपसी मेलजोल, सामाजिक गतिविधियों को गतिशील बनाने और संस्करधानी के आर्थिक विकास की दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। भिलाई और दुर्ग के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह जानकारी नितिन जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लेकर बैठकें की जा रही है।

## लोक अदालत में 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण, 57.22 करोड़ का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को आयोजित किया गया।

■ सुलह से लंबित प्रकरणों का किया गया प्रकरण

जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, पाटन, धमधा, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम से जुड़े प्रकरणों को विचारण के लिए रखा गया, जिसमें सारे प्रकरण आपसी सुलह से निपटाए गए। जानकारी के मुताबिक करीब 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं 57.22 करोड़ रुपए का अवार्ड पारित हुआ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने न्यायिक भ्रात्व की भावना को प्रमुखता देते हुए सजल जैन व्यवहार न्यायाधीश से दीप प्रज्जवल कर लोक अदालत की शुरुआत की गई। लोक अदालत के लिए 32 खण्डपीठ का गठन किया गया था। राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये। उनका निराकरण न्यायालय में सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौते के आधार पर किया गया।

इस अवसर पर जिला ब्लड सेंटर, रेडक्रॉस सोसाइटी, जीवनदीप समिति, जिला चिकित्सालय के सहयोग से मोबाइल ब्लड कलेक्शन वेन के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा शहीद बाबादीप सिंह व गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा के सहयोग से न्यायालय परिसर में निः शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। जेल उत्पाद की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

लोक अदालत में कुल 21610 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 982276 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि 572225744 रुपए रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 18, विद्युत के कुल 281 एवं दूरभाष के 83 मामले निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 4138480 रही। इसी क्रम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 492 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 75 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 163 चेक अनादरण के 296 मामले, व्यवहार वाद के 53 मामले, श्रम न्यायालय के कुल 08 मामले तथा स्थायी लोक अदालत के कुल 7789 मामलें निराकृत हुए।

## दुर्ग सेक्टर बास्केटबॉल में गर्ल्स कॉलेज विजेता, मिला सम्मान

**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छग शासन और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी भिलाई द्वारा दुर्ग सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी भिलाई के चांसलर संतोष रूंगटा, एग्जेक्युटिव डायरेक्टर महेंद्र श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एन्ड कॉमर्स डायरेक्टर डॉ मनोज वर्गीस, स्कूल ऑफ बेसिक एन्ड एप्लाइड साइंस डॉ नीमा बालन, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रकाश वाहने, डीन ईसीएस डॉ सत्यधर्म भारती, पर्यवेक्षक अर्चना षड़ंगी, क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, यशवंत देशमुख, ऋतु दुबे, भुनेश्वर साहू, लाडली खिलाड़ी, टीम मैनेजर खुशबू साहू, मीता देवांगन, रोहित सहित प्रतिभागी व आयोजक महाविद्यालय के स्टॉफ मौजूद रहे। आयोजन सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता रूंगटा यूनिवर्सिटी भिलाई कैम्पस में आजोजित की गई थी जिसमें 7 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया।

## दीक्षांत समारोह में 635 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री, शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारती विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गय। कार्यक्रम में कुल 635 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा थे। मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, लोगों, विश्वविद्यालय ध्वज एवं कुलगीत का विधिवत अनावरण किया गया, जो विश्वविद्यालय की पहचान, मूल्यों एवं भावी दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है।

समारोह का आरंभ राष्ट्र गान, राज्य गीत और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन सहित मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. व्हीके गोयल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग थे। वहीं रजनी बघेल, सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, होलिस्टीक फाउन्डेशन की चेयर परसन दिशा चंद्राकर सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उपाधियां प्रदान की गईं। 85 शोधार्थियों को पीएच.डी., 215 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 335 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियां प्रदान करते कुलपति डॉ. प्रोफेसर बी एन तिवारी द्वारा उन्हें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अग्रसित होने प्रेरित की गई। समारोह के दौरान शिक्षा विशेषकर शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भारती विश्वविद्यालय ने अल्प समय में जिस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में प्रगति की है, वह प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय भविष्य में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

## संगीत महाविद्यालय में पारंपरिक वेशभूषाओं में दी परीक्षा, सुर-ताल ज्ञान को भी जांचा



**दुर्ग।** संगीत महाविद्यालयमें इस सत्र से प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन के अंतर्गत संगीतनृत्य विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया और अपने विषयों की पारंपरिक पोशाक में उपस्थित होकर परीक्षा दी। लोक संगीत के छात्र छात्राओं ने गायन-वादन- नर्तन के साथ सुआ नृत्य, राउत, नाचा जैसी छत्तीसगढ़ी लोक शैलियों का सुंदर प्रदर्शन किया। उनके इतिहास, वेशभूषा पर प्रश्न पूछे गए। भारतनाट्यम के विद्यार्थियों ने आकर्षक पोशाक, मेकअप तथा आभूषणों के साथ प्रस्तुति दी। कौशल उन्नयन के अंतर्गत इसके आहार्य पर दक्षता परीक्षा ली गई। परीक्षा में अड़वु अभ्यास, ताल (आरंभिक ताल ज्ञान) की बेसिक समझ की भी जांच की गई। वहीं हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में छात्र छात्राओं ने स्वर राग और ताल पर अपनी परीक्षा दी। परीक्षा के बाद विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को उनके-अपने विषयों पर गहन जानकारी प्रदान की तथा मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। अतिथि प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा,वत्सल तिवारी राजेंद्र कुमार भारती जंघेल, गौरव, धनराज भोयर ने सहयोग किया। विद्यार्थी सुमन, विवेक, वंदना, मंजू, अमन, सुरेश ने सहयोग और संगत प्रदान की। सैद्धांतिक परीक्षा 15 दिसंबर से आयोजित है।

## विशाल हिंदू सम्मेलन में धर्म संस्कृति को बढ़ाने जनजागरण

# हिन्दुत्ववादी शक्तियों को देश की भलाई के लिए होना होगा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र स्थित मंगल भवन मैदान परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सनातन धर्म संस्कृति के प्रति जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाहक अतुल लिमये मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने जीवन के उद्देश्य को पुनः स्मरण करें।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की विचारधारा संपूर्ण विश्व कल्याण की विचारधारा है। हिन्दुत्ववादी शक्तियों को देश की भलाई के लिए सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि असंतुलन जब होता है, भारत का विभाजन होता है। वहीं उन्होंने आतंकवाद पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप माने जाते हैं, लेकिन अब इस पेश में भी आतंकवादी सामने आए हैं, जो चिंतनीय है।



### धर्म के प्रति जागृति

सम्मेलन के आयोजन को लेकर कार्यक्रम के संयोजक राघव वर्मा ने बताया कि सनातनियों को एकत्रित कर धर्म के प्रति जनचेतना जागृत करने यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई।

### धर्मप्रेमी हुए शामिल

विशाल हिंदू सम्मेलन के आयोजन में स्वदेशी जागरण, राष्ट्रभक्ति, धर्म की रक्षा सहित विभिन्न संदेश दिए गए। वहीं आयोजन में संत समाज ने भी धर्म जागरण को लेकर संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए।

**प्रदर्शन : ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से समाधान की मांग की**

# रेंगाखार कला में धान खरीदी पंजीयन में गड़बड़ी पर किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭रेंगाखार जंगल

धान उपार्जन पंजीयन में भारी अनियमितताओं को लेकर रेंगाखार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिनका धान पंजीयन पूरी तरह से छुट गया है, वहीं कई किसानों के कृषि रकबे को आधा या गलत दर्शाया जा रहा है। स्थिति यह है कि लगभग 50 प्रतिशत किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिस पर ग्रामीण किसानों का आरोप है कि वे बीते कई महीनों से तहसील कार्यालय और संबंधित सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। वहीं सोसायटी स्तर पर किसानों को केवल गोल-मोल जवाब देकर टाल दिया जा रहा है, जिससे किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

इन्हीं समस्याओं को लेकर गुरुवार को ग्रामीण किसानों ने रेंगाखार कला में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धान पंजीयन की गड़बड़ियों को तत्काल सुधारने और सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने की मांग की। इस धरना सभा को दिनेश चंद्रवंशी, श्रीमती अदिति कश्यप, अमर सिंह खुसरे, कमल नेताम, नेकलाल मेरावी, महेन्द्र पटले, गजराज टेकाम एवं लखन सिंह चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एग्री स्टेक पोर्टल खुलने पर पंजीयन में सुधार कर प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा



धरना स्थल पर किसानों की समस्याएं सुनने तहसीलदार अखिलेश ध्रुव, थाना प्रभारी रेंगाखार तथा वन परिक्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों से संवाद करते हुए तहसीलदार ने बताया कि शासन द्वारा लागू किए गए नए एग्री स्टेक ऐप के कारण तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिसंबर, सोमवार तक एग्री स्टेक पोर्टल खुलने पर पंजीयन में सुधार कर प्रक्रिया को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में रेंगाखार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थें। किसानों ने स्पष्ट किया कि धान पंजीयन उनके जीवन और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सभी की निगाहें प्रशासन के आश्वासन पर टिकी हैं कि तय तिथि तक किसानों को राहत मिलती है या फिर आंदोलन और व्यापक रूप लेता है।

# ऐसा कोई सगा नहीं जिसे भाजपा सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में ठगा नहीं : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार के दो वर्षो के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर जो बड़े-बड़े वादे किए थे, दो साल बीत जाने के बाद भी वे सभी घोषणाएं धरातल पर दिखाई नहीं देतीं। मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ में पूरी तरह फेल साबित हुई है।

नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और जमीन को बड़े उद्योगपतियों के हाथों सौंपने में लगी है। हसदेव तमानार रायगढ़ जैसे बड़े जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई की जा रही है। आदिवासियों के अधिकार छीने जा रहे हैं और उनकी जमीन उद्योगपतियों को दी जा रही है। भाजपा सरकार अडानी-अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों की गुलाम बन चुकी है। किसानों की हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। बिजली कटौती की मार किसानों को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ रही है। धान खरीदी के दौरान भारी अव्यवस्थाएं हैं, जिससे किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के दोनों शक्कर कारखाना के गन्ना किसानों की स्थिति और भी खराब है, गन्ना बेचने के बाद भी कई-कई महीनों तक भुगतान नहीं हो पाता, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। कबीरधाम जिला गृह मंत्री विजय शर्मा का गृह जिला होने के बावजूद यहां अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो वर्षो में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां चोरी और खंडित की जा रही हैं। भगवान की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा जा रहा। वहीं कबीर साहब के पोस्टर फाड़ने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं, और पोस्टर फाड़ने वाला व्यक्ति स्वयं भाजपा का बड़े नेता है विजय शर्मा के करीबी है जो समाज में अशांति फैलाने का काम किया है।

## जिले में लूट, बलात्कार व मर्डर आम बात हो गई है और छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है: जायसवाल

शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कहीं शिक्षकों की भारी कमी है तो कहीं छात्राओं को समय पर किताबें नहीं मिल पा रही हैं। शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर छात्र और शिक्षक धरने पर बैठे चुके है। युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल धोखा मिला है। हाल ही में निकली पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों की भर्ती का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ, यह भी मोदी की गारंटी की असफलता है। उन्होंने कहा कि 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अब तक पूरा नहीं किया गया। बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि से किसान, गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। महतारी वंदन योजना में 1000 रुपए देने की बात तो की जाती है, लेकिन बिजली बिल के नाम पर 1000 से 5000 रुपए और कहीं-कहीं उससे भी अधिक राशि वसूल कर जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है। उन्होने कहा कि पूरे जिले सड़कों का हाल बेहाल है पंडरिया से कवर्धा जाओ तो सड़क खराब पंडरिया से मुंगेली जाओ तो सड़क खराब है, स्थानीय विधायक के द्वारा दो साल से सड़क के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। गांव-गांव में सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, यह समझना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। पंचायतों के पास न तो विकास कार्यो के लिए काम है और न ही पर्याप्त फंड। जनप्रतिनिधि भी सरकार की उपेक्षा से परेशान हैं। अंत में नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार केवल अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को खुश रखने में लगी हुई है, जबकि छत्तीसगढ़ की जनता किसान, युवा, महिला और आम नागरिक आज सबसे ज्यादा परेशान है। जनता अब भाजपा सरकार की सच्चाई समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

## खबर संक्षेप

### जिला मिडिया प्रभारी बने विनोद जायसवाल



**हरिभूमि पंडरिया।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी कवर्धा का पदाधिकारीयों का गठन किया गया, जिसमे ग्राम मड़मड़ा निवासी विनोद जायसवाल को जिला मिडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। जिला मिडिया प्रभारी बनाए जाने पर समर्थक एव सभी लोगो मे हर्ष है और विनोद जायसवाल को बधाई शुभकामनाएं दी। मिली जानकारी के अनुसार विनोद जायसवाल की कार्यशैली, निष्ठा, पार्टी के लिए निःस्वार्थ सेवा ईमानदारी को देखते हुए यह दायित्व दिया गया, विनोद जायसवाल लगातार कई वर्षो से पार्टी की सेवा और जनता की समस्या का आवाज बनकर लोगों के सामने आये है, जनता की समस्या को सोशल मिडिया के माध्यम से सरकार तक पंहुचा कर जनता और पार्टी की सेवा किया है। विनोद जायसवाल कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ अपने जायसवाल समाज के विभिन्न पदों पर रहकर अपना विभिन्न दायित्व को शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन किया है। विनोद जायसवाल ने कहा की पार्टी ने मुझ पर जो जिला का इतना बड़ा दायित्व और विश्वास जताया है मैं उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और पार्टी की सेवा मे जीवन समर्पित कर दूंगा। प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी का आभार व्यक्त किया।

### कवर्धा में 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे का आयोजन

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के समस्त राज्य शासन पेंशनरों के लिए प्रतिवर्षानुसार पेंशनर्स डे का आयोजन 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे ठाकुर समाज के शौर्य भवन, कवर्धा में किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंशनरों से जुड़ी लंबित मांगों पर चर्चा की जाएगी तथा उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी संयोजक इंजीनियर एसएस जैन, जिला पेंशनर प्रकोष्ठ, सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा ने दी।

पेज 9 का शेष

### मानव सेवा ही सबसे ...

सिंह चंदेल, अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मोहन जांगड़े, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, नगर पंचायत बेरला अध्यक्ष विशाल देशलहरे, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ भाजपा मंडल बेरला अध्यक्ष जगदीश कुरें, पार्षद जगमोहन गेंड्रे, मानक सिंह चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सड़क की बदहाली से बढ़ा खतरा

## गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रोज हो रहीं दुर्घटना के शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

क्षेत्र की प्रधानमंत्री सड़क पर चौड़ीकरण और शोल्डर की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और संकरे मोड़ों के चलते गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आए दिन पलट रही हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर ट्रैक्टर पलटने से लंबी कतार लग रही है और यातायात घंटों बाधित हो रहा है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना कटाई का कार्य जोरों पर है। किसान अपनी उपज ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर भोरमदेव शक्कर कारखाना पहुंचाने के लिए मजबूर हैं, लेकिन हरिनछपरा चौक से नाऊडीह, दौजरी, जेवडन, खुर्द, बाझीमहुआ मार्ग की पीएम सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। चौड़ीकरण के अभाव, शोल्डर किनारों पर झाड़ और गड्ढों के कारण सड़क कई स्थानों पर संकरी हो गई है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कारखाना पहुंचने से पहले ही सड़क पर पलट चुकी हैं। इससे न केवल गन्ना बिखर जाता है, बल्कि किसानों को दोबारा मेहनत और अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। जान जोखिम में डालकर किसान गन्ना परिवहन करने को विवश हैं। ग्राम नाऊडीह दौजरी, जेवडन, बांझीमौहा, सारंगपुर, खुर्द, चरडोंगरी, बटुराकछार और बिजई के किसानों ने प्रशासन से पीएम सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण और शोल्डर की साफ-सफाई की मांग की है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत, चौड़ीकरण और किनारों की सफाई कर दी जाए तो किसानों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। चौड़ीकरण नहीं होने की स्थिति में यह सड़क किसानों और राहगीरों के लिए लगातार खतरा बनी रहेगी।

## वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



**हरिभूमि कवर्धा।** सांसद प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्थानीय वृद्धा आश्रम में निवासरत बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गो की सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। नरेश साहू ने बुजुर्गो से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पंचायत स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थें।

# ग्राम रेगाबोड़ में भाजपा मण्डल कुण्डा के वरिष्ठों ने बेलर मशीन का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम रेगाबोड़ में भाजपा के वरिष्ठजनों के करकमलों से बेलर मशीन की भव्य शुभारंभ की गई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले में 2 बेलर मशीन उपलब्ध कराया गया जो फसल कटाई के बाद खेत-खलिहान कटाई शेष पलारी को गांठों में बदलने का कार्य करती है, शनिवार को गौ सेवा आयोग जिला एवं ब्लॉक समिति के मांग पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल की पहल पर जिले 2 बेलर मशीन उपलब्ध कराया गया है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू ने कहा बेलर मशीन से किसानों द्वारा पलारी को जलाने से गौ माता के चारे का नुकसान होता था उसकी बचत होगा पलारी जलने से होने वाले प्रदूषण और उपजाऊ मिट्टी की सख्त होने की समस्या की रोकथाम होगी जिसे पर्यावरण में शुद्धता होगी। जिसका शुभारंभ जिला मंत्री ओम यदु, बालमुकुंद चंद्रवंशी, वरिष्ठजन रामकुमार चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, संतोष चंद्रवंशी के करकमलों से जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष सुखचंद चंद्रवंशी, सदस्य मनोज ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सदस्य गणेश यादव के उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में दीनबंधु चंद्राकर, बसंत शर्मा, नरेश ठाकुर, राजेश चंद्राकर, जेठू निर्मलकर, सूरज यादव, दुर्गेश चंद्राकर सहित कृषकगण उपस्थित थें।

### बेलर मशीन एक कृषि और औद्योगिक उपकरण है: सुखचंद चंद्रवंशी

जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष सुखचंद चंद्रवंशी ने बताया बेलर मशीन एक कृषि और औद्योगिक मशीन है जो घास पुआल कपास कचरे जैसी सामग्री को कॉम्पैक्ट गांठों में दबाकर बांधती है, जिसे उसे संभालना परिवहन करना और संग्रहित करना आसान हो जाता है और ये पराली जलाने की समस्या को कम करके किसानों को आय कमाने की मदद करती है। उन्होंने कहा इस मशीन कार्य से समय श्रम और जगह की बचत होती है।

### खेत में आग की खतरा कम हो जाती है: नंदकिशोर यादव

गौ सेवा आयोग के ब्लॉक समिति पंडरिया के अध्यक्ष ने बताया कि खेत में पड़े फसल के अवशेषों को गांठ-बांध कर परिवहन करने से पलारी को जलाना नहीं पड़ता, जिसे खेत में लगे गन्ने एवं अन्य फसलों में आगजनी होने की खतरा भी नहीं रहता है किसानों को रवि फसल के लिए कृषि कार्य में पर्याप्त समय मिल जाता है जिससे कृषकों का समय एवं मेहनत में बचत हो जाता है।

### पशुओं के चारे और बायोफ्यूल के लिए इस्तेमाल होता है: मनोज ठाकुर

फसल कटाई के बाद बचे पलारी और घासों को गांठ में बदलना जो पशुओं के चारे एवं बायोफ्यूल के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं कागज प्लास्टिक डिब्बे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## 10 माह से कम कार्यकाल में सरपंच का मानवीय पहल बनी चर्चा का विषय



**हरिभूमि बोड़ला।** विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़मड़ा की सरपंच श्रीमती दीपिका पप्पू ठाकुर ने अपने अल्प कार्यकाल में यह सिद्ध कर दिया है कि जनप्रतिनिधि होना केवल पद धारण करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। शपथ ग्रहण समारोह के समय उन्होंने ग्रामवासियों के समक्ष यह बात कही थी कि वे अपने कार्यकाल में दुख और शिक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी निभाएंगी। आज उनके 10 माह से भी कम कार्यकाल में यह कथन केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यवहार में उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ महीनों में ग्राम पंचायत मड़मड़ा के कई परिवारों को अपने किसी प्रियजन को खोने का गहरा दुख सहना पड़ा। किसी परिवार ने घर का मुखिया खोया, तो किसी ने परिवार का कमाने वाला सदस्य। ऐसे समय में परिवार पर भावनात्मक के साथ-साथ आर्थिक संकट भी आ जाता है। अंतिम संस्कार, धार्मिक क्रियाकर्म और आवश्यक खर्च एक साथ सामने आ जाते हैं, जिससे साधारण ग्रामीण परिवार बुरी तरह प्रभावित होता है इन परिस्थितियों को समझते हुए सरपंच श्रीमती दीपिका ठाकुर ने पंचायत निधि का उपयोग किए बिना, अपने निजी पैसों से मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया। अब तक उनके द्वारा 25 से अधिक मृतक परिवारों को 5,000-5,000 की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सहायता किसी योजना, फाइल या औपचारिक प्रक्रिया के अंतर्गत नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और व्यक्तिगत संकल्प से दी गई है। दुख की घड़ी में मिला यह सहयोग पीड़ित परिवारों के लिए बड़ा संबल साबित हुआ है।

**जयंती पर्व की तैयारी में जुटे सतनाम पंथ के अनुयायी**

# 18 से 31 दिसंबर तक गूंजेगा गुरु घासीदास का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

सत्य के प्रेरणा और छत्तीसगढ़ का प्रकाश गुरु घासीदास की जयंती पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु पर्व की तैयारियां सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा शुरू कर दिए हैं। सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि सतनाम समाज द्वारा गुरुद्वारा, जैतखाम व आसपास की साफ सफाई के साथ पंथी नृत्य की तैयारी गुरुद्वारा परिसर पर किया जा रहा है। सतनाम समाज के लोगों द्वारा 18 से 31 दिसंबर तक दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमे चौका मंगल आरती और पंथी नृत्य की धूम रहेगी।

इन दिनों गांव में स्थित जैतखाम के आसपास रंगरोगन के साथ पंथी नृत्य जोर शोर से चल रहा है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती को लेकर सतनामी समाज में खासा उत्साह है। ग्राम बरबसपुर, सिंघनपुरी, डबराभाट, घुकसा, जेवडन खुर्द, बाझीमौहा, हरिनछपरा, राम्हेपुर चंदनपुर, प्रभाटोला, रंहगी, बुधवारा, नेवारी खुटू, मरपा, जमुनिया, बिजई व सोनबरसा सहित जिले के गांवों में स्थित गुरुद्वारा जैतखाम के आसपास साफ सफाई तथा रंग-रोगन शुरु हो गई है। गुरु बाबा घासीदास जयंती के दिन कवर्धा शहर व ग्रामीण अंचलों में सतनाम समाज बाहुल्य वार्डो में पंथी नृत्य के साथ सतनाम शोभायात्रा निकाले जाएंगे। गुरुद्वारा और सत्य व अहिंसा के प्रतीक जैतखाम में श्वेत का पालो चढ़ाया जाएगा, इसकी तैयारी राज महन्त भंडारी साटीदार पंडित साधु संत एवं सतनाम समाज के अनुयायियों द्वारा चल रही है। सभी सतनाम समाज के लोग एकत्रित होंगे और बाबा गुरु घासीदास के अमरवाणी मनखे-मनखे एक समान का संदेशों तथा सादा जीवन उच्च विचार के उद्देश्य को जन-जन पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## साक्षर परीक्षा महाभियान का आयोजन किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता महा परीक्षा अभियान का आयोजन पूरे राज्य में गत दिनों 07 दिसंबर को आयोजित किया गया है। इस परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी या असाक्षर शामिल हो सकते हैं जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो एवं जो किसी कारणवश शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, ऐसे ग्राम एवं वार्ड में निवासरत परीक्षार्थी को 6 महीने तक प्रत्येक दिन दो-दो घंटे का कक्षा संचालित किया जाता है जिसमे उन्हें पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान का शिक्षा दिया जाता है। इस तरह 200 घंटे कंप्लीट हो जाने के बाद उन्हें साक्षरता महा परीक्षा अभियान में शामिल कर पूर्ण साक्षर बनाए जाने का लक्ष्य रखा जाता हैं। इस बार परीक्षा महाभियान गत दिनों 7 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के जिला कबीरधाम को 37904 का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें विकासखंड पंडरिया को 11302 शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करके उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह परीक्षा प्रत्येक ग्राम पंचायत के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित होता है। दिशा निर्देश अनुसार विकास खंड के 100 ग्राम पंचायतो में यह परीक्षा महाभियान आयोजित की गई। समस्त स्वयंसेवी शिक्षको द्वारा अपने पंचायत में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सर्वे किए गए सम्पूर्ण शिक्षार्थियों को इस परीक्षा महा अभियान में शामिल करके उन्हें साक्षर बनाए जाने का दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण तैयारी किए। इस हेतु कार्यालय बीईओ पंडरिया से विकासखंड के चयनित 100 ग्राम पंचायतों के लिए अंक तालिका-उपस्थिति पत्रक एवं शिक्षार्थियों के पंजीयन प्रपत्र प्राप्त किया गया। इस मिशन के सचिव विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, विकासखंड परियोजना अधिकारी एसपी डड़सेना एवं साक्षरता प्रभारी प्रशांत कुमार अहिरवार द्वारा परीक्षा में अभियान का सफल संचालन हेतु समस्त दिशा निर्देश दिया गया। इस परीक्षा अभियान में 11302 शिक्षार्थी को परीक्षा में शामिल करने हेतु प्रश्न पुस्तिका वितरण किया गया था, जिसमें से इस परीक्षा में विकासखंड पंडरिया से 6775 महिला एवं 3577 पुरुष कुल 10352 शिक्षार्थी इस परीक्षा महाभियान में शामिल हुए।

## प्रवचन : शिवमहापुराण समापन पर शिव-महिमा का विराट उद्घोष

# शिवमहापुराण कथा का समापन, श्रद्धालुओं ने किया तुलादान और प्राप्त किया आध्यात्मिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का समापन रविवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर पूरा कथा-स्थल शिवमय वातावरण में डूबा नजर आया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कैलास पर्वत की दिव्यता स्वयं धरती पर उतर आई हो।

- स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती की वाणी से भावविभोर हुआ जनमानस

समापन अवसर पर मंचासीन दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी ने शिव-महिमा का गूढ़, करुणा-पूर्ण और भावप्रवण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल एक देव-प्रतिमा नहीं, बल्कि करुणा, क्षमा, वैराग्य और सादगी के साक्षात स्वरूप हैं। वे पार्वती के पति, गणेश-कार्तिकेय के पिता, भक्तों के उद्धारक और सुर-असुर, नर-नारी सभी के आराध्य हैं। शिव की महिमा का पूर्ण वर्णन करना स्वयं समय की सीमा से परे है।

स्वामी जी ने व्याध की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि अनजाने में की गई शिव-आराधना भी जीवन को फलदायी बना देती है। शिव-कथा केवल इस जन्म को ही नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर के जीवन को भी सुधार देती है। निष्कपट भाव से की गई शिव-भक्ति मोक्ष का द्वार खोल देती है और मनुष्य को पुण्यात्मा बना देती है।

रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा— शिव द्रोही मम दास कहावा, सो नर मोहि सपनेहूं नहीं पावा। उन्होंने शिव के दिगंबर स्वरूप, जटाजूट, भस्म, रुद्राक्ष, गंगा-चंद्र, त्रिशूल-डमरू और कैलासवास का सजीव वर्णन किया। साथ ही नंदी की उत्पत्ति, भैरव स्वरूप, पितृ-तृप्ति, नरसिंह-शरभ अवतार और बाघंबर से जुड़ी कथाओं के माध्यम से शिव-तत्व की व्यापकता को समझाया।



स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने कहा कि सृष्टि में ऐसा कोई स्थान, कोई प्राणी या कोई अस्तित्व नहीं है जो शिव से अलग हो। जहां दृष्टि जाती है, वहां शिव का ही विस्तार है— सम्पूर्ण संसार शिवमय है। उन्होंने कहा कि जीवन स्वयं एक दान है, इसलिए इसे परोपकार में लगाना चाहिए। दान से धन घटता नहीं, बल्कि शुद्ध होता है—जितना दोगे, उससे अधिक पाओगे। कलियुग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि शिव-भक्ति और ओम नमः शिवाय जैसे मंत्रों के जाप से मनुष्य जीवन को सफल और पुण्य का भागी बना सकता है। शिवपुराण को दुर्लभ बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके श्रवण से मनुष्य को लोक-परलोक दोनों में सुख की प्राप्ति होती है।

समापन दिवस पर दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं ने उनका वजन के बराबर फलों से तुलादान किया, जिसे बाद में धर्मप्रेमी जनता को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक चली शिवमहापुराण कथा का यह समापन केवल कथा का अंत नहीं, बल्कि आत्मज्ञान, समता, करुणा और शिव-तत्व के शाश्वत संदेश के साथ एक आध्यात्मिक यात्रा का पूर्णविराम रहा।

समापन अवसर पर लेखमणी पाण्डेय, गुड्डा गुप्ता, प्रीतम चंदेल, संजीव तिवारी, दीपक पाण्डेय, सुमित चौबे, पुरुषोत्तम पटेल, संदीप पाण्डेय, राकेश तिवारी, नीति अग्रवाल, पार्षद नीतू कोठारी, चांदनी रोशन दत्ता, गौरव साहू, लक्की साहू, माधवी शर्मा, मिनू पटेल, वर्षा गौतम, प्रहलाद मिश्रा, सत्यम साहू, लव मिश्रा, देवी प्रसाद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गौ सेवा गोपाल यज्ञ का भव्य आयोजन जागृत होगी सांस्कृतिक चेतना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़/बेमेतरा



धर्म स्तंभ काउंसिल के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघुल में गौ मां प्रेम क्रांति यात्रा के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहा गौ सेवा गोपाल यज्ञ हिन्दू समाज में गौ-प्रेम, गौ-संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त जनआंदोलन बनता जा रहा है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का व्यापक प्रयास है। यह भव्य आयोजन 28 दिसंबर को नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक यज्ञ, गौ-पूजन, गौ-सेवा एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शक्तिधाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज के पावन सान्निध्य में किया जाएगा।

- गौ-प्रेम और संस्कृति संरक्षण का विराट जनआंदोलन

धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और राष्ट्र जीवन की आधारशिला हैं। गौ-रक्षा ही हिन्दू समाज की रक्षा है। गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक धरोहर सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान गौ-व्रत धारण, गौ-रक्षा सूत्र बंधन एवं सामूहिक गौ-सेवा संकल्प कराए जाएंगे, जिससे समाज में कर्तव्यबोध और संवेदनशीलता विकसित होगी।

रामजानकी मंदिर नवागढ़ के महंत सुरेंद्र दास ने क्षेत्रवासियों, संत समाज, मातृशक्ति, युवाओं एवं हिन्दू संगठनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक प्रत्येक हिन्दू गौ-रक्षा को अपना व्यक्तिगत दायित्व नहीं मानेगा, तब तक राष्ट्र की आत्मा सुरक्षित नहीं रह सकती। यह यज्ञ आत्म-जागरण का अवसर है, जिसे जन-जन का अभियान बनाना होगा।

धर्म स्तंभ काउंसिल ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन राजनीति से पूर्णतः परे, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित को समर्पित है। इसका उद्देश्य गौ-हत्या, गौ-उपेक्षा और सांस्कृतिक विस्मृति के विरुद्ध समाज को संगठित कर गौ-संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है।

### धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तुहर टोकन

**कवर्धा।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24x7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### पिपरमाटी की पार्वती बनीं पुलिस आरक्षक

**कालेगांव।** ग्राम पिपरमाटी की बेटी पार्वती यादव का पुलिस आरक्षक पद पर चयन हुआ है। रायपुर जिला से आरक्षक पद पर चयनित पार्वती यादव अपने गांव की पहली बेटी हैं, जो पुलिस सेवा में जगह बनाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने बताया कि निरंतर मेहनत करते हुए सफलता हासिल की है। पार्वती यादव के पिता शत्रुधन यादव किसान हैं। दोनों का प्रोत्साहन मुझे मिला।

### 21 हजार श्रमिकों के खाते में राशि जारी

**कवर्धा।** श्रम विभाग ने 13 श्रमिक कल्याण योजना के तहत कुल 21 हजार 209 पात्र श्रमिक हितग्राहियों को 20 करोड़ 19 लाख 98 हजार 515 रुपए उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की है। डीबीटी के माध्यम से उक्त राशि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने दी गई है।

### जिले में पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कवर्धा।** जिले में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार व मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। 22 व 23 दिसंबर को मॉप-अप दिवस में स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप देगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए संबंधितों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है और तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

# कबीरधाम में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

## 31,877 प्रकरणों का किया गया निराकरण



- 39.16 करोड़ रुपये से अधिक के वाद सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को जिले सहित प्रदेशभर में तालुका न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला कबीरधाम में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम द्वारा किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 12 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिनमें 11 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम एवं 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी। लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, प्री-लिटिगेशन प्रकरण जैसे बिजली बिल, दूरभाष, बैंक ऋण, जलकर आदि से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 31,877 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 39,16,94,541 रुपये से संबंधित वादों का आपसी सहमति के आधार पर समाधान किया गया।

खण्डपीठ क्रमांक-01 में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में 38.50 लाख रुपये एवं सिविल वादों में 8.24 लाख रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। परिवार न्यायालय में 29 वैवाहिक प्रकरणों का निराकरण कर टूटते संबंधों में पुनः मधुरता स्थापित की गई। राजस्व न्यायालय द्वारा 25,187 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 32.71 करोड़ रुपए से अधिक के मामलों का समाधान किया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा जलकर एवं दुकान किराया से संबंधित 174 प्रकरणों में 3.74 लाख रुपये की वसूली की गई। लोक अदालत में कई मानवीय और प्रेरणादायी प्रकरण सामने आए, जहां वर्षों से चले आ रहे विवादों का शांतिपूर्ण समाधान हुआ।

तीन वर्ष पुरानी पड़ोसी दुश्मनी समझौते के आधार पर समाप्त हुई, वहीं वैवाहिक विवादों में समझौते से बिखरे परिवार पुनः एक हुए। 25 वर्षों से लंबित वृद्ध दंपत्ति के भरण-पोषण विवाद का भी सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने के लिए जिला न्यायालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट एवं स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था की गई, जिसका पक्षकारों ने भरपूर लाभ उठाया।

लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायालयीन कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालंटियर्स, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका, बैंकों एवं अन्य विभागों का सराहनीय सहयोग रहा।

# सेवा, श्रम और सामाजिक जागरूकता से एनएसएस शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम नेवनारा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

- सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना पर जोर
- स्वयंसेवकों के अनुशासन, सेवा भावना व समर्पण का प्रतीक है एनएसएस

समारोह रविवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन 08 से 14 दिसंबर तक किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने सेवा, श्रम और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच सकारात्मक संदेश दिया।

समापन समारोह में जनपद पंचायत सदस्य एवं ग्राम नेवनारा के सरपंच लोकेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में एनएसएस स्वयंसेवकों के अनुशासन, सेवा भावना एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करता है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नेवनारा की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले ने शिविर की सात दिवसीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त ग्राम अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण, योग प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों से ग्रामवासियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।



समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक खुशबू ध्रुव, आशीष एक्का सहित सभी एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण, प्रेरणादायी एवं सेवा भावना से ओत-प्रोत रहा।

### भूमिपूजन के बाद भी नहीं बन रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम भाटकुंडेरा-कड़कड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़क निर्माण की मांग की है। बताया जाता है कि पूरी तरह से जर्जर और खस्ताहाल हो चुके इस करीब तीन किलो मीटर के सड़क निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है और भूमिपूजन का शौंक रखने वाले नेताओं ने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी कर डाला है लेकिन जहां तक सड़क निर्माण की बात की जाए तो करीब दो ढाई महिने बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है लोगों का इस पर चलना मुस्किल है उन्होने शासन-प्रशासन से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## जिला स्तरीय बैठक आयोजित...




**कवर्धा।** नगर के राजीवगांधी पार्क में आयोजित की गई टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदर्शिता से युवाओं को मिला केपीएल का नया मंचः वीरेन्द्र साहू

# कवर्धा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का सूरजपुरा जंगल में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का मंडल लोहारा का शुभारंभ रविवार को ग्राम सूरजपुरा जंगल के मिनी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत कवर्धा के सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। जिन्होंने विधिवत प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व का सशक्त माध्यम है। उन्होने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को नई पहचान और नई दिशा मिल रही है। उनके निरंतर प्रयासों से युवाओं को खेल सुविधाएं, संसाधन और अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का यह विश्वास कि स्वस्थ युवा ही सशक्त प्रदेश की नींव होते हैं, आज जमीन पर साकार होता दिख रहा है। खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और खेल भावना का प्रसार ये सभी उनकी दूरदर्शी सोच के परिणाम हैं। आज जिले में बीते दो वर्षों के भीतर बड़ी संख्या में गांव-गांव में मिनी स्टेडिय का निर्माण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कराया गया है और कराया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा निखार रहे हैं। श्री साहू प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर मुख्य रूप से लाला साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, विधायक प्रतिनिधि भुखन साहू, परदेशी पटेल, संतोष तिवारी, दशरथ साहू, योगेश साहू, जलेश्वर वर्मा, अघन साहू, पुरुषोत्तम साहू, जनपद रामगोपाल नेताम, चैनसिंह साहू, टीकेशवर साहू, जीतू पाली सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**कवर्धा।** स्थानीय राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। प्रमुख निर्णयों में सक्रिय शिक्षकों को शीघ्र ही संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व दिया जाएगा। शिक्षकों की मांग पर संघ के सदस्यता अभियान को आगामी दस जनवरी 2026 तक बढ़ाया गया। सभी शिक्षक एलबी संवर्ग से सीजीपीएफ पासबुक अपने डीडीओ में अविलंब जमा करने का आव्हान किया गया, ताकि उसका संधारण हो सके। एसोसिएशन के प्रयास से डीईओ के निर्देशानुसार सेवा पुस्तिका व पासबुक संधारण हेतु शीघ्र ही ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन होगा।

